# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 50 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 5 मई 2026 से 11 मई 2026 तक


# मोदी की आंधी ने... उड़ाया ममता का गढ़!

**तमिलनाडु में TVK का विजय तिलक** | **असम के बागान में खिला कमल** | **बंगाल में हिली ममता की सत्ता**

## 5 रणभूमि 823 सीटों मेंसे.....तीन रणभूमि हुई भगवामय

**देश के पांच बड़े चुनावी मोर्चों - असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव 2026 के लिए मतगणना हो चुकी हैं। एक महीने तक चले इस चुनावी महासंग्राम में कुल 823 सीटों पर मतदान हुआ था, जिसके नतीजे सामने आएं। इन सभी राज्यों में मतदान 9 अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच अलग-अलग चरणों में संपन्न हुआ। केरलम, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक ही चरण में वोटिंग हुई, जबकि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ। दूसरे चरण की वोटिंग 29 अप्रैल को कराई गई।**



### भाजपा पश्चिम बंगाल में पहली बार सरकार बनाने की ओर अग्रसर हैं

जबकि असम में वह एक बार फिर से वापसी करती दिख रही है। तमिलनाडु में अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली नई पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' (TVK) सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाला 'संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा' (UDF) सत्ता में वापसी करने की स्थिति में है, जबकि पुडुचेरी में 17 सीटों के साथ बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है।

### असम में बीजेपी की जीत की हैट्रिक

असम में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा बीजेपी को लगातार तीसरी बार सत्ता में लाने की ओर अग्रसर हैं। पार्टी 126 में से 74 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है, जबकि कांग्रेस 23 सीटों के साथ काफी पीछे चल रही है। एग्जिट पोल्स में भी बीजेपी के लिए जबरदस्त जीत का अनुमान लगाया गया था। तमिलनाडु में टीवीके ने दी डीएमके को चुनौती तमिलनाडु में एक अहम बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां विजय की टीवीके कई अहम सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (AIADMK) दूसरे नंबर पर है, जबकि मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) बढ़त के मामले में तीसरे स्थान पर है। स्टालिन की डीएमके पिछले एक दशक से सत्ता में है। टीवीके के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने से दो मुख्य द्रविड़ पार्टियों डीएमके और एआईएडीएमके के बीच चली आ रही पारंपरिक द्वंद्व की स्थिति खत्म हो जाएगी।

सितंबर 2025 में एक रैली के दौरान मची भगदड़ से जुड़े पिछले विवाद के बावजूद विजय की पार्टी ने अपने पहले ही चुनाव में यह शानदार प्रदर्शन किया है। इस नतीजे ने उन्हें राज्य की राजनीति में एक नई ताकत के तौर पर स्थापित कर दिया है। मुमकिन है कि वे उन पहले के अभिनेता-राजनेताओं की कतार में शामिल हो जाएं, जिन्होंने राजनीति में आकर शासन-प्रशासन में सफलतापूर्वक अपनी जगह बनाई थी।

### केरल: यूडीएफ की वापसी तय, वामपंथ का ग्राफ गिरा

केरल में वोटों की गिनती जारी रहने के बीच कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने मजबूत बढ़त बना ली है। इससे यह संकेत मिलता है कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (LDF) सरकार के सत्ता गंवाने की संभावना है। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख सन्नी जोसेफ ने इन रुझानों को यूडीएफ के पक्ष में स्पष्ट बदलाव का संकेत बताया और विश्वास जताया कि यह गठबंधन 140 सदस्यीय विधानसभा में 100 सीटों का आंकड़ा पार कर लेगा। इस नतीजे से कांग्रेस पार्टी को दक्षिण में एक राज्य सरकार मिल जाएगी।

## तमिलनाडु की राजनीति में 'थलपति फैक्टर' का धमाका,

नई दिल्ली। तमिलनाडु की राजनीति में इस बार एक ऐसा मोड़ देखने को मिला है, जिसने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। साउथ फिल्मों के सुपरस्टार से नेता बने Thalapathy Vijay ने अपनी पार्टी Tamilaga Vettri Kazhagam के जरिए पहली ही बार चुनावी मैदान में उतरकर जबरदस्त राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराई है। ताजा चुनावी नतीजों में उनकी पार्टी करीब 107 सीटों पर बढ़त बनाते हुए सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है और सरकार गठन के बेहद करीब पहुंच गई है। यह सिर्फ एक चुनावी जीत नहीं मानी जा रही, बल्कि इसे तमिलनाडु की पारंपरिक राजनीति में एक बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। वर्षों से राज्य की राजनीति में दो प्रमुख दलों का वर्चस्व रहा है, लेकिन इस बार विजय की एंट्री ने समीकरण पूरी तरह बदल दिए हैं। उनकी लोकप्रियता, खासकर युवाओं और महिलाओं के बीच, चुनावी नतीजों में साफ तौर पर दिखाई दी है।

चुनाव के दौरान Thalapathy Vijay का घोषणा पत्र लगातार चर्चा में रहा। उन्होंने अपने वादों के जरिए सीधे उन वर्गों को साधने की कोशिश की, जो लंबे समय से सरकारी योजनाओं और आर्थिक सहायता की उम्मीद कर रहे थे। महिलाओं के लिए किए गए वादे खास तौर पर निर्णायक साबित हुए। विजय ने शादी के अवसर पर 8 ग्राम सोना देने का वादा किया।

## बंगाल में पताका फहराने के बाद अब यूपी पर फोकस



लखनऊ। बंगाल समेत तीन राज्यों के चुनावी कुरुक्षेत्र में भगवा पताका फहराने के बाद अब भाजपा नए उत्साह और संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश में चुनावी रथ हांकेगी। पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनाव में झटका खाने के बाद यूपी के विधानसभा चुनाव को नाक का सवाल बना लिया है, ऐसे में पार्टी चुनावी प्रबंधन में कुशल चेहरों को संगठन एवं सरकार में वरीयता देते हुए आगे बढ़ेगी। पार्टी का मनोबल बढ़ा है, ऐसे में संगठन एवं सरकार में बड़ा फेरबदल करने से भाजपा नहीं हिचकेगी। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्याणकारी नीतियों एवं नए भारत के संकल्प को दिया है।

# सिकलसेल एनीमिया बीमारी या केरियर वाहक वाले युवक-युवतियों के संभावित विवाह को रोका जाए

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में आज कलेक्टर्स कान्फ्रेंस आयोजित की गई। कान्फ्रेंस में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, संयुक्त आयुक्त विकास श्रीमती शिवानी वर्मा, उपायुक्त विकास श्री पुरूषोत्तम पाटीदार, जनजातीय कार्य विभाग के उपायुक्त श्री ब्रजेशचन्द्र पाण्डे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने संभाग में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि अब तक इंदौर संभाग में 60 फीसदी से अधिक समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी हुई है और आगामी दिनों में शेष लक्ष्य भी प्राप्त कर लिया जायेगा। संभाग के सभी उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।

बारदानों की कोई कमी नहीं है। खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधाओं के लिये पेयजल, भोजन, तौलकांटा, छाया आदि सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संभाग में विभिन्न प्रकार के कार्य किये जा रहे हैं। जैसे तालाबों का गहरीकरण, कुएं, बावड़ी की साफ-सफाई, जल भंडारण आदि शामिल है। संभागायुक्त ने इंदौर संभाग में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अभियान के तहत आगामी दिनों में स्कूलों, आंगनवाड़ियों और ग्राम पंचायतों की टंकियों की सफाई कर ली जायेगी।



संभागायुक्त डॉ. खाडे ने कलेक्टर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मियों को देखते हुए अपने क्षेत्र में हैंडपम्पों का संधारण किया जाये। सभी को शुद्ध और पर्याप्त जल मिल सके, यह सुनिश्चित किया जाये। नगरीय क्षेत्रों में पेयजल गुणवत्ता एवं परीक्षण करायें। अमृत 2.0 योजना का समुचित प्रचार-प्रसार किया जाये। जगह-जगह शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाये। डॉ. खाड़े ने कहा कि इस बार भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। खासकर मालवा और निमाड़ क्षेत्रों में तापमान में वृद्धि और हिटस्ट्रोक होने की आशंका बनीक है। अतः हिटस्ट्रोक से बचाव के लिये संभाग के सभी जिला अस्पताल व सिविल अस्पतालों में हिटस्ट्रोक नियंत्रण क्लीनिक शुरू किये जाएं। लोगों को हिटस्ट्रोक से बचाव के तरीके बताये जाये। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि संभाग में जनजातीय समाज की बहुलता है। इस समाज में सिकलसेल एनीमिया बीमारी से पीड़ितों की संख्या अधिक है। यह एक अनुवांशिक बीमारी भी है। इस बीमारी के उन्मूलन के लिये राज्य सरकार सतत प्रयास कर रही है। सिकलसेल एनीमिया से पीड़ित लोगों के कार्ड बनाये जा रहे हैं। उनकी जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। वर्ष 2047 तक सिकलसेल एनीमिया का उन्मूलन करना है। डॉ. खाड़े ने कहा कि सिकलसेल एनीमिया बीमारी नई पीढ़ी में नहीं फैले, इसलिए इस बीमारी से पीड़ित युवक-युवतियों के मध्य वैवाहिक संबंधी नहीं किये जाये। इसके लिये विशेष प्रचार-प्रसार के साथ ही सामूहिक विवाह आयोजनों में स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर प्रशासन द्वारा नवाचार किया जाएगा। उद्देश्य यह है कि सिकलसेल बीमारी या केरियर वाहक वाले युवक-युवतियों के संभावित विवाह को रोका जाए।

डॉ. खाड़े ने कहा कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में इंदौर संभाग के कुछ जिलों के नतीजे बेहतर है। आलीराजपुर और झाबुआ में परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तुलता में 10 फीसदी से अधिक बढ़ा है, जो सराहनीय है। अगले वर्ष भी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर नतीजे आये, इसके लिये अभी से प्रयास किये जायें। स्पेशल कक्षाएं लगायी जाये।

बच्चों की काउंसलिंग की जाये। जो बच्चे पढ़ाई में कमजोर है, उनके लिये रेमेडियल कक्षाएं लगायी जायें। जनजातीय कार्य विभाग तथा अनुसूचित जाति विकास द्वारा संचालित छात्रावासों और विद्यालयों में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाये। जनजाति वर्ग के बच्चों के लिये ग्रीष्मकालीन अवकाश में केरियर काउंसलिंग की व्यवस्था की जाये। संभाग के सभी जिलों में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये। डॉ. खाड़े ने कहा कि सड़क हादसों से बचाव के लिये हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के लिये अधिक से अधिक प्रचार किया जाये। एनएचएआई /एमपीआरडीसी के सभी टोल गेट पर हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग को बढ़ावा दिया जाये। वाहन चालकों को इनके उपयोग के प्रति जागरूक किया जाये। बिना हेलमेट या सीट बेल्ट वाले वाहनों पर टोल नाकों पर चिन्हांकित स्थलों पर आवश्यक कार्रवाई की जाये। सड़क सुरक्षा नियमों एवं चालन प्रक्रियाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये। ब्लैक स्पॉट के आसपास संकेतक लगाये जायें। डॉ. खाड़े ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरस्त दावों का निराकरण किया जाये। बैठक में ओंकारेश्वर और महेश्वर में प्रस्तावित निर्माण कार्यों पर भी चर्चा हुई। विशेषकर अहिल्या लोक और ममलेश्वर मंदिर के विस्तार पर जोर दिया गया। बैठक में डॉ. खाड़े ने कहा कि शासन द्वारा विभागीय रूप से निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिये कार्य समयसीमा और गुणवत्ता के साथ सम्पन्न करें। ऐसी योजनाएं और कार्यक्रम बनायें, जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो। संभाग में नामांतरण, बंटवारा, बटांकन, सीमांकन और स्वामित्व योजनाओं के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। भूमि अधिग्रहण और भू-अर्जन के प्रकरण समयसीमा में पूरा करें।

## उड़ान संचालन में वन्य जीवों एवं पक्षियों के रोक हेतु अल्ट्रासोनिक म्यूजिक सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएः संभागायुक्त डॉ. खाड़े

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। संभागायुक्त डॉ. खाड़े की अध्यक्षता में देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर के पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर के पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक आज संभागायुक्त कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यावरण प्रबंधन समिति की रेस्क्यू टीम द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर के एयर साईड क्षेत्र का समय-समय पर नगर निगम की टीम के साथ संयुक्त निरीक्षण करें तथा वन्य जीव प्रबंधन एवं न्यूनीकरण प्रयासों को और बेहतर बनाने हेतु कार्य करें। साथ ही प्रतिमाह प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर किए गए कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि विमानों के उड़ान संचालन में वन्य जीवों एवं पक्षियों के रोक हेतु अल्ट्रासोनिक म्यूजिक सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही अग्नि व पक्षियों की पूर्व सूचना के लिए नियमानुसार सेंसर्स का भी उपयोग करने पर जोर दिए है। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, एयरपोर्ट निदेशक श्री सुनील मगगीरवार, वन विभाग के अधिकारी अमित सोलंकी, एयरपोर्ट के मैनेजर श्री शफी सैय्यद, स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी डॉ. निर्मला अखण्ड सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि देवी अहिल्या बाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर विमानतल की परिधि में विशेषकर अप्रोच फनल रनवे, बीएसएफ और एयरोड्रम पुलिस स्टेशन के आसपास बड़े हुए पेड़ों की कटाई-छटाई करें। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि बिजासन टेकरी और आसपास के क्षेत्र में सतत निगरानी की जाए। साथ ही इंदौर-पीथमपुर मार्ग पर खुले में पड़े कचरे की सफाई की जाए। इस कार्य में नगर निगम का सहयोग लिया जाए। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि विमानतल की परिधि और आसपास के क्षेत्रों से नियमित रूप से आवारा श्वानों को पकड़ने का कार्य किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विमानतल की फैंसिंग में कहीं कोई दरार या छेद है, तो उसे तत्काल ठीक किया जाए। विमानतल के आसपास के क्षेत्र को आग से बचाने के लिए सुरक्षा के विशेष प्रबंधन किए जाए।

## आयुक्त द्वारा सफाई व्यवस्था के क्रम में निरीक्षण

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। जीटीएस एवं सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र का किया निरीक्षण शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने आज प्रातः जीटीएस एवं सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अर्थ जैन, जोनल अधिकारी श्री गीतेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने जीटीएस परिसर में वाहनों की आवाजाही, सफाई व्यवस्था एवं समग्र प्रबंधन का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नियमित सफाई एवं कचरा निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखा जाए।

इसके बाद सरवटे बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने यात्रियों को उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। पेयजल की गुणवत्ता की जांच के निर्देश देते हुए कहा कि यात्रियों को स्वच्छ



एवं सुरक्षित पानी उपलब्ध कराया जाए।आयुक्त ने लॉक रूम का निरीक्षण कर यात्रियों के सामान की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को निरंतर मॉनिटरिंग कर नागरिकों एवं यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 4 मई 2026 से 11 मई 2026 तक


## आबकारी इंदौर

### अवैध मदिरा के विरुद्ध विशेष अभियान



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार आज दिनांक 02/05/2026 को कंट्रोल रूम प्रभारी श्री देवेश चतुर्वेदी जी और डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज कुमार अग्रवाल और उड़नदस्ता प्रभारी अधिकारी श्री कमलेश सोलंकी* के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त भोई मोहल्ला त्रिअंबिका शर्मा की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही की गई । आज की कार्यवाही में इंदौर-उज्जैन रोड स्थित ढाबो पे प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल *06 प्रकरण*कायम किये यूनिक ढाबा, भगवती ढाबा, मेट्रो ढाबा आदि पे आबकारी टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36 a, b के तहत प्रकरण पंजीबध्द किए गए ढाबो एवं मदिरा दुकानों के आस पास परोसी जा रही अवैध मदिरा के विरुद्ध ये विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा। आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक प्रमोद सेठे ,निशा शिखावत , राजू जाँबेकर का सराहनीय योगदान रहा।

## आबकारी इंदौर की कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**

इंदौर कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल, उड़नदस्ता प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में दिनांक-2/05/2026 को आबकारी वृत्त मालवा मिल बी, छावनी, काछी मौहल्ला,देपालपुर की टीम ने नवलखा क्षेत्र के ढाबों पर कार्यवाही की |

आज की गई कार्यवाही में नवलखा बस



स्टेशन क्षेत्र मे ढाबों पर एकसाथ कार्यवाही की, जिसमें अवैध रूप से मदिरा पान कराने वालों पर आबकारी अधिनियम में 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, इसके अतिरिक्त पालदा क्षेत्र मे अवैध रुप से मदिरा विक्रय करने वालो पर कार्यवाही की गई एवं 2 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए ।पंजीकृत प्रकरणों में कुल 18 बल्क लीटर देशी शराब, 500 एमएल विदेशी शराब 12 बल्क लीटर बियर मदिरा जब्त की गई, जब्त शराब की कुल कीमत लगभग 8000 /- रू है | इस प्रकार की कार्यवाहीयां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी | आज की कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक श्री सुनील कुमार मालवीय, श्री बी डी अहरवार द्वारा की गई एवं आबकारी मुख्य आरक्षक श्री बद्री सिंह जमरा ,आरक्षक श्री भगवान दास बिरला,श्री कुलदीप ,श्री विकास ,श्री योगेश का सराहनीय योगदान रहा ।

## भीषण गर्मी में राहत: इंदौर में जल सेवा अभियान बना मानवता की

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर। शहर में पड़ रही तेज गर्मी के बीच बड़ा गणपति चौराहा क्षेत्र में आरंभ फाउंडेशन द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए निःशुल्क जल सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जो गर्मी से राहत देने के साथ मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है। इस सेवा कार्य की विशेषता यह है कि इसमें युवाओं, खासकर कॉलेज विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। युवा वर्ग बढ़-चढ़कर अपनी सेवा भावना के साथ इस अभियान से जुड़ रहा है और समाज में सकारात्मक संदेश दे रहा है। इस पुनीत कार्य में राष्ट्रीय सनातन सेना भारत का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। संगठन के पदाधिकारियों ने मौके पर उपस्थित रहकर सेवा कार्य में सक्रिय योगदान दिया और अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में राहुल शर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष), हर्षाली शर्मा (जिला अध्यक्ष), राहुल तोमर, श्रीकांत पचौरी, धर्मेंद्र चौहान, दिलीप राय, वीर सिंह तोमर, मनोज जी, अभिषेक शर्मा एवं रणविजय सिंह तोमर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस पूरे अभियान का सफल संचालन आरंभ फाउंडेशन की टीम द्वारा किया गया, जिसमें सार्थक जी, अश्विनी जी एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। प्रायोजकः राष्ट्रीय सनातन सेना भारत स्थानः बड़ा गणपति, इंदौर यह पहल न केवल लोगों



को गर्मी से राहत दे रही है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत कर रही है।

## आयुक्त द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र का निरीक्षण

**आदित्य शर्मा**

**इंदौर। आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा आज भागीरथपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जोनल अधिकारी श्री आनंद रैदास सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नर्मदा जल प्रदाय लाइन, सीवरेज लाइन एवं सड़क निर्माण कार्यों का मौके पर जाकर अवलोकन किया।**

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण एवं रेस्टोरेशन कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि सड़क निर्माण एवं रेस्टोरेशन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्य समय पर पूर्ण हो सके। ज्ञात हो कि भागीरथपुरा क्षेत्र के 97 प्रतिशत से अधिक हिस्से में पाइपलाइन के माध्यम से जल वितरण व्यवस्था पुनः स्थापित कर दी गई है, जबकि शेष क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है। जहां पाइपलाइन कार्य शेष है, वहां टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद कर जल आपूर्ति की स्थिति जानी। नागरिकों ने नियमित जल आपूर्ति पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही, नर्मदा जल की शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु मौके पर ही क्लोरीनेशन सैंपलिंग कराई गई, जिसमें जल की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। इस अवसर पर आयुक्त ने जल प्रदाय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकारियों को नियमित सैंपलिंग एवं क्लोरीनेशन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होता रहे।


## जाहिर सूचना

**सावधान सावधान सावधान**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार के द्वारा श्री गुलाब मानकर पिता श्री धन्नालाल मानकर पता ग्राम सिमरोल तहसील महू जिला इन्दौर म.प्र. के मालिकी एवं अधिपत्य की ग्राम सिमरोल तहसील अम्बेडकर नगर (महू) जिला इन्दौर (म.प्र.) पटवारी हल्का नम्बर 27 (सताईस) में खसरा क्रमांक 473/1 (चार सौ तिहतर बटे एक), 473/2 (चार सौ तिहतर बटे दो), 477/1 (चार सौ सततर बटे एक), 478 (चार सौ अठतर), 489 (चार सौ नवासी), 480 (चार सौ अस्सी), कुल रकबा 0.547, 0.162, 0.075, 0.073, 0.146, 0.109 हे., कुल रकबा 1.112 हेक्टयर (एक हेक्टयर एक सौ बारह आरे) की होकर लगभग 2.747 एकड़ (दो दशमलव सात सौ सैंतालिस), राजस्व अभिलेखों में गुलाब मानकर पिता श्री धन्नालाल मानकर के नाम से दर्ज है, के संदर्भ मे मेरे पक्षकार द्वारा सिविल वाद क्रमांक आरसीएसए / 92/2025 माननीय द्वितीय जिला न्यायधिश महोदय, अम्बेडकर नगर महू के समक्ष प्रस्तुत है, जिसमे माननीय न्यायालय के द्वारा अस्थायी निषेधाज्ञा के अवेदन को निरस्त किया गया था। जिसके विरूद्ध मेरे पक्षकार द्वारा माननीय उच्च न्यायालय इंदौर के समक्ष अपील एमए / 3654/2026 की गई थी, इस अपील मे माननीय उच्च न्यायालय इंदौर ने उक्त भूमि पर यथा स्थीती का आदेश दिनांक 30/04/2026 को पारीत किया है। उक्त भूमि का प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है इस कारण कोई भी व्यक्ति, संस्था, अर्द्धशासकीय संस्था उक्त व्यक्ति से कोई व्यवहार ना करे। इसके बावजुद कोई व्यवहार किया जाता है तो वह हमारे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगा। सम्पुर्ण जवाबदारी व्यवहारकर्ता की रहेगी यह विदित रहे। आम जनता की सूचनार्थ।

**अभिभाषक विकास भारद्वाज**

393, स्कीम न. 114 पार्ट 1, सन्त नगर इंदौर,मोबाइल न. 7027078128

## 5 मई सहजयोग, सहस्त्रार दिवस

# सहज योग को परा आध्यात्मिक युग का प्रारंभ कह सकते हैं

सहज योग परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी प्रणित एक ऐसा योग है जिसमें हमारे त्रिकोणाकार अस्थि में साढ़े तीन कुंडल में बैठी कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है, मध्य नाड़ी के माध्यम से ऊपर की ओर उठती है और छः चक्रों को संतुलित करते हुये सातवें चक्र सहस्त्रार चक्र का भेदन करती है, तब साधक आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करता है।

आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करना सरल है, इसे पाने की पात्रता सिर्फ यही है कि हम इसे पाने की शुद्ध इच्छा करें। आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होने की अनुभूति साधक को तत्क्षण हो जाती है, साधक यह महसूस भी करता है कि उसे ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश मिल चुका है। उसके बाद यह साधक की इच्छा पर निर्भर रहता है कि वह इस योग की गहनता प्राप्त करने हेतु कितना समर्पित हो सकता है। हम जितना ध्यान करेंगे, समर्पण भाव रखेंगे, उतनी हम गहनता पायेंगे। हम स्वयं को स्वस्थ रख पायेंगे और औरों को भी चैतन्य के माध्यम से स्वस्थ रख सकेंगे। भूतकाल खत्म हो चुका है, भविष्य मौजूद नहीं है अतः हमें वर्तमान का आनंद मनाना है, जो वास्तविकता है और यही सहज योग की विशेषता है। सहज योग से जुड़ने के बाद हम जान पाते हैं कि परमपूज्य श्री



माताजी निर्मला देवी सहस्त्रार चक्र की स्वामिनी हैं। आदिशक्ति के रुप में अपने इस अवतरण में वे सभी दिव्य गुणों को अपने अंदर समन्वित की हुई है और सदैव मुख्य स्त्रोत के रुप में क्रियाशील रहती है। श्री माताजी का जन्म 21 मार्च, 1923 को छिंदवाड़ा, भारत में हुआ था। 5 मई 1970 को श्री माताजी ने भारत के नारगोल, गुजरात के समुद्र के किनारे बैठकर सामुहिक सहस्त्रार खोला। वे सच्चे साधकों को और अधिक भटकते देखना सहन नहीं कर पा रही थी। मानव को उत्थान प्राप्त हो, वे आध्यात्मिक उत्क्रांति पायें यही श्री माताजी का उद्देश्य था। एक साल बाद 1971 में श्री माताजी ने मुट्ठी भर लोगों से आत्मसाक्षात्कार देना शुरू किया और यहीं सहज योग का जन्म हुआ। इसीलिए हम इसे सहज योग का जन्मदिन कह सकते हैं। लोगों को आध्यात्मिक जागृति देने के लिए श्री माताजी ने पूरे संसार का भ्रमण किया। श्री माताजी का यह कार्य समस्त सहज योगियों के लिए वरदान रहा। हर सहज योगी के पुनर्जन्म का मार्ग खुल गया। सहस्त्रार चक्र के खुलते ही ईश्वरीय साम्राज्य में साधक प्रवेश पाता है। आत्मिक उत्थान के लिए आवश्यक है कि साधक का सहस्त्रार चक्र खुला रखना है, पर यह कैसे संभव है? यह प्रश्न बहुत ही सहजता से साधक के मन में आता है। "यह आसान है" इस संबंध में श्री माताजी कहती हैं, "आपको पूरी तरह से, पूर्ण रुप में मुझे समर्पित होना होगा। यदि आपको लगता है आपका सहस्त्रार अब तक नहीं खुला है, तब आपको क्षमा मांग लेनी है। आपको कहना है, ' यदि मैंने कुछ गलत किया है तो कृपया मुझे क्षमा कर दें, तब आप ठंडी चैतन्य लहरियां महसूस करेंगे। ' साथ ही श्री माताजी कहते हैं, "आज, वो दिन है जब मैं घोषणा करती हूँ कि मैं ही वो हूँ जिसे मानवता की रक्षा करनी है। मैं यह घोषणा करती हूँ कि मैं ही आदिशक्ति हूँ, जो हर माता की माता है, एक आदि माता है। मैं ईश्वर की इच्छा शक्ति हूँ जो इस पृथ्वी पर अवतरित हुई है, ईश्वर की कृति मनुष्य को उसके होने का अर्थ देने के लिए। और मुझे विश्वास है कि मेरे प्रेम, सबुरी और शक्ति से मैं अपने उद्देश्य में सफल होउंगी" दरअसल सहस्त्रार चक्र नीचे के छः चक्रों का संयोजन है वह एक शून्य स्थान है, जिसके अगल बगल एक हजार नाडियां है। और जब कुंडलिनी शक्ति लिम्बिक क्षेत्र में प्रवेश करती है, तब ये नाडियां प्रकाशित हो जाती है और वो ज्वाला सी महसूस होती है, कोमल स्थिर ज्वाला, इंद्रधनुष के सात रंगों में और अंत में ज्वाला एकीकृत होती है, और स्फटिक की स्पष्ट ज्वाला सी बन जाती है। सभी सात चक्र स्फटिक की तरह स्पष्ट हो जाते हैं, जब सहस्त्रार में एकीकृत होते हैं। जब सहस्त्रार प्रकाशित होता है, तब यह स्थिर जलते रहने वाले ज्वाला का रुप ले लेता है। सुंदर गुणों से मानव जीवन को प्रकाशित करने वाले सहज योग को समझने हेतु एक कदम उठाने की आवश्यकता है, हम सुख शांति से मालामाल हो जायेंगे।

सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रकृति की सहायता से सूक्ष्म व स्थूल शरीर का संतुलन ही सहजयोग ध्यान है

मनुष्य के शरीर की संरचना प्रकृति के पंच तत्वों से हुई है। प्रकृति की सहायता से मनुष्य अपने भीतर सन्तुलन स्थापित कर सकता है। हमारे अंदर के सात चक्र प्रकृति के भिन्न-भिन्न तत्वों से ही बने हैं और इन्हीं की सहायता से हम सूक्ष्म तंत्र को शुद्ध कर सकते हैं। उदाहरण के लिए हमारे द्वितीय चक्र स्वाधिष्ठान की संरचना में अग्नि तत्व सहाय है। इसी चक्र से शुरु होती है दायीं ओर की नाड़ी जिसे पिंगला नाड़ी कहा गया है। पिंगला नाड़ी पर श्री हनुमान जी एवं श्री महासरस्वती की शक्ति विराजित है।

यह कर्म की नाड़ी है, हमारी सारी सोचने की शक्ति एवं कर्म इसी नाड़ी द्वारा कार्यान्वित होते हैं। यदि व्यक्ति अतिशयता में जाकर इस तरफ ज़्यादा झुक जाता है, दिन-रात सोच-विचार, प्लानिंग, काम - काज में ही लिप्त रहता है, वह अति शुष्क हो जाता है, क्रोधी हो जाता है एवं परमात्मा से उतना ही दूर होता जाता है, वह अहंकार की चपेट में आ जाता है क्योंकि यही नाड़ी मस्तिष्क वाले भाग में जाकर अहंकार को दर्शाती है, मैं (अहंकार) के झूठे संसार में स्वयं के सुन्दर व्यक्तित्व को खो देता - है, आत्मा के प्रकाश से दूर चला जाता है अर्थात सत्य और शाश्वत तथ्य से दूर चला जाता है। सत्य तो ये है की हम केवल शुद्ध आत्मा है और अहंकार, मद, मोह सब झूठ है।



इस नाड़ी पर सूर्य की भी उपस्थिति होती है, इस नाड़ी के प्रति संतुलन रखने से मनुष्य तेजस्वी हो कर निखर जाता है, जब वह मानव कर्म और इस संसार के भौतिक सुखों की दौड़ को खेल समझ लेता है तो वह संतुलित हो, साक्षीभाव में इसे एक लीला मात्र के रूप में देखता है तो वह दाईं ओर के सभी सुंदर गुणों से आशीर्वादित होता है और उसके कार्य परमात्मा की प्रेम शक्ति द्वारा स्वतः ही आयोजित होते है, उसे दिमाग दौड़ाने की आवश्यकता भी नहीं होती। परंतु यह केवल शब्दों का खेल नहीं बल्कि अनुभव है। श्री माताजी द्वारा संस्थापित सहजयोग की नींव ही अनुभव है। परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी सभी साधकों को संबोधित करते हुए बताती हैं कि हमें बिना अनुभव के कुछ भी मान लेना नहीं चाहिए और इसीलिए कुण्डलिनी जागरण की सहायता से हम, परमात्मा की प्रेम शक्ति को अपने हाथों पर एवं तालु भाग पर अनुभव करते हैं, आकाश तत्व की सहायता से हम अपने दायें भाग को संतुलित करते हैं। ध्यान में बैठने से पहले हम माँ प्रकृति की सहायता से अपने दाएं एवं बाएं तरफ को संतुलित करते है एवं मध्य में परमात्मा की शक्ति से जुड़ते है। सहजयोग ध्यान पूर्णतः निःशुल्क है। यदि आप भी इसे अनुभव करना चाहते चाहते है तो जानकारी हमारे टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

## भय,अहंकार और क्रोध का त्याग ही भक्ति का प्रारंभ है

ज्ञान रुपी चक्षु कोई भी जन्म से ही लेकर नहीं पैदा होता। और न ही इसे कोई स्वयं अपने बलबूते पर धारण कर सकता है। इसे धारण करने के लिए किसी ज्ञानी का सानिध्य जरूरी है।

यहां तक कि राम चंद्र जी जैसे अवतरित महापुरुष ने भी इस ज्ञान रूपी चक्षु को धारण करने के लिए ऋषि मुनियों का ही आशीर्वाद लिया था और आम जन की यह किस्मत पर निर्भर करता है कि उसे जीवन भर कोई ऐसा संग मिल भी पाता है या नहीं। कई बार हमारी आंखों के सामने राह होती है और हम पहचान नहीं पाते हैं। ज्ञान अर्जित महानुभावों का कहना है कि प्रत्येक मनुष्य में ज्ञान होता है किन्तु अज्ञान उसे आच्छादित किये रहता है। उस अज्ञान के हटने पर ही मनुष्य को ज्ञान की अनुभूति होती है और अज्ञान तभी हटता है जब मनुष्य का अंतःकरण पूर्णतः शुद्ध हो। ब्रम्हज्ञान पाने का अधिकारी केवल वही साधक है जिसका अंतःकरण शुद्ध होगा। सहज योग ध्यान एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे नाड़ियों व चक्रों की शुद्धता होती है भय, अहंकार और क्रोध को त्यागकर ही हम पूर्णतः शुद्ध हो सकते हैं। चक्रों में पहले चक्र मूलाधार चक्र पर ध्यान करके हम सत्सत् विवेक व बोध प्राप्त करते हैं जिससे हमें अत्रइपने



स्व को पहचानने का अवसर मिलता है। ध्यान के दौरान कुंडलिनी शक्ति सभी चक्रों को प्रकाशित करते हुये जब सहस्त्रार का भेदन करती है, ज्ञान चक्षु खुल जाते हैं। इस ज्ञान चक्षु से हम ईश्वरीय चेतना से अभिभूत होते हैं और सत्य व यथार्थ की अनुभूति होती है। ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश करने से बढ़कर कोई और ज्ञान नहीं है। हमारे अंदर व्याप्त अंधकार छंटने लगता है और हम अपने को और दूसरों को भी सही प्रकार से देख पाते हैं। योग के अनेक प्रकार हैं। परंतु, सहज योग से कम समय में तथा सांसारिक जीवन में रहते हुए आत्मसाक्षात्कार पाना संभव होता है। एक शुद्ध इच्छा लेकर सहज योग से जुड़े। सहज योग के सेंटर्स पर नये साधकों का हम हृदय से स्वागत करते हैं। सहजयोग के बारे में जानकारी टोल फ्री नंबर 18002700800 से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निःशुल्क है।

# बरगी में लापरवाही की बलि



जारी है बचाव अभियान

## » पर्यटन मंत्री बोले... नर्मदा में पेट्रोल-डीजल बोट पर रोक की जानकारी नहीं

## » तेज आंधी की चेतावनी के बावजूद 45 यात्रियों के साथ 20 साल पुराने क्रूज को रवाना किया गया

**जबलपुर, एजेंसी**

बरगी डैम में गुरुवार दोपहर क्रूज डूबने से हुआ हादसा पूरी तरह लापरवाही का नतीजा बताया जा रहा है। इसमें मरने वालों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अब तक 9 लोगों के शव मिल चुके हैं जबकि इतने ही लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। 24 लोगों को सुरक्षित निकाल लेने का दावा किया गया है। पर्यटन विभाग का यह क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूब गया था। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त क्रूज में लगभग 40 से 45 पर्यटक सवार थे। मौसम विभाग की तेज आंधी की चेतावनी और स्थानीय लोगों की समझाइश के बावजूद क्रूज का संचालन जारी रहने से यह दर्दनाक हादसा हुआ। ज्यादातर लोगों को लाइफ जवकेट भी नहीं दी गई थी। हादसा किनारे से करीब 300 मीटर दूर हुआ।

बरगी सिटी सीएसपी अंजुल मिश्रा ने बताया कि शुरुआती रेस्क्यू में एसडीआरएफ ने कई लोगों को बचाया, लेकिन अंधेरा और खराब मौसम से राहत कार्य प्रभावित हुआ। आज सुबह फिर से रेस्क्यू जारी है। वहीं प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी जबलपुर पहुंचे हैं, लेकिन उनका हैरान करने वाला बयान सामने आया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा- नर्मदा में पेट्रोल-डीजल बोट पर रोक है, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

हादसे की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन के साथ अब राष्ट्रीय स्तर की टीमें भी तैनात की गई हैं। आर्मी भी मौके पर मौजूद है। हैदराबाद से एक स्पेशल टीम और हेलिकॉप्टर पहुंचा है। कोलकाता से पैरामिलिट्री की एक विशेष टीम भी जबलपुर पहुंच चुकी है। हाइड्रॉलिक मशीनों और पोकलेन की मदद से 20 फीट गहरे पानी में फंसे क्रूज को बाहर निकालने की कोशिश जारी है। क्रूज के पायलट महेश का कहना है कि सुरक्षा के इंतजाम तो थे, लेकिन अचानक आए तेज तूफान के चलते क्रूज अनियंत्रित हो गया। किसी को संभलने का मौका ही नहीं मिला। महेश को 10 साल का अनुभव है।

### मातृत्व की मार्मिक प्रतीक बनी तस्वीर

### अंतिम क्षण तक कलेजे के टुकड़े को बाहों में समेटे रही मां...



हादसे में मरिना मैसी और उनके चार साल के बेटे त्रिशान की भी मौत हो गई। बचाव दल को आज सुबह दोनों के शव मिले। मां ने अपनी ही लाइफ जैकेट के भीतर अपने कलेजे के टुकड़े को समेट लिया था। उसने बच्चे को अपने सीने से इतनी मजबूती से चिपकाया था कि काल का क्रूर झोंका भी उन्हें अलग नहीं कर सका। रेस्क्यू टीम ने जब उन्हें बाहर निकाला, तो दोनों के शव एक-दूसरे को बाहों में जकड़े हुए थे। यह परिवार दिल्ली से घूमने आया था। पिता प्रदीप मैसी और बेटी किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे।

**डूबने लगे तब दिया लाइफ जैकेट:** पाटन बायपास के पास रहने वाली तनिष्का सेन ने बताया कि सब लोगों को लाइफ सपोर्ट जैकेट तब दिए गए जब क्रूज हिचकोले खा रहा था और डूबने लगा। हादसे में तनिष्का की मम्मी ज्योति सेन की मौत हो गई।

## जंगल से भटका चीतल पहुचा शहर कुत्तों के हमले में हुआ घायल

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। शहडोल भीषण गर्मी और तपिश के चलते जंगल के बेजुबान वन्य जीवों को भी शहर की चौखट तक पहुंचा दिया है। शहडोल में पानी की तलाश में भटकता एक चीतल रिहायशी इलाके में आ पहुंचा। जहां उस पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, हमले में चीतल अचेत पड़ गया। जिसके बाद कुछ स्थानीय लोगों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए कुत्तों के हमले से बचाया ही नहीं उसे पानी पिलाया और इलाज भी मुहैया कराया। मामला शहडोल के कल्याणपुर क्षेत्र का है। जहां केन्द्रीय विद्यालय के पास पहुंचे प्यासे चीतल को कुत्तों ने घेर लिया और हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने जब यह वाक्या देखा तो उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए मौके से कुत्तों को भगाया और वन विभाग की टीम को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने चीतल का प्राथमिक उपचार किया और कुछ देर निगरानी में रखने के बाद उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया।

## कमिश्नर द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रो का हुआ निरीक्षण, अभिभावकों से हुई चर्चा

**प्रदीप सिंह बघेल**

**शहडोल । कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत पीएमजनमन योजना अंतर्गत बनाई गई आंगनबाड़ी केंद्र महरानटोला नवलपुर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने आंगनबाड़ी केंद्रो में पोषण आहार वितरण, बच्चों की दर्ज संख्या सहित आंगनवाड़ी केंद्रों में दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली।**

**कमिश्नर ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों को मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन दे। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में आए बच्चों के अभिभावकों से पोषण आहार की भी जानकारी ली। कमिश्नर ने कुपोषित बच्चों की माताओं को पोषण किट का वितरण भी किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री आनन्द अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।**

## श्रमिक दिवस पर श्रमिकों के हाथों फीता कटवाकर केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने रेलवे ओवरब्रिज का ट्रैफिक किया प्रारंभ

**दिलीप पाटीदार**

**धार अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रम सम्मान का अद्वितीय संदेश देते हुए धार-महू लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने आज धार को गुणावाद से जोड़ने वाले कनेक्टिंग रेलवे ओवरब्रिज (ब्रिज क्रमांक 217) की पूर्ण हो चुकी एक शाखा पर ट्रैफिक का शुभारंभ कर इसे आमजन की सेवा में समर्पित किया।**

इस विशेष अवसर पर मंत्री ने कार्यक्रम को श्रमिकों को समर्पित करते हुए निर्माण कार्य में लगे आदिवासी श्रमिक भाई-बहनों के हाथों फीता कटवाकर ट्रैफिक प्रारंभ करवाया।



श्रमिक दिवस के दिन लिया गया यह निर्णय श्रम के सम्मान, भागीदारी और समर्पण को दर्शाने वाला प्रेरणादायी उदाहरण बना। श्रीमती ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव होते हैं और उनके परिश्रम से ही विकास के बड़े कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह रेलवे ओवरब्रिज क्षेत्र के यातायात को सुगम बनाने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान करेगा।

यह कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत 2047" के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में हो रहे तीव्र विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से ही ऐसे जनहितकारी प्रकल्प समय पर पूर्ण हो रहे हैं और जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। मंत्री ने इस दौरान श्रमिकों का सम्मान करते हुए उन्हें मिठाई खिलाई तथा उनके अथक परिश्रम की सराहना की। उन्होंने श्रमिक भाई-बहनों के हाथों श्रीफल अर्पित करवाकर उनके योगदान को विशेष रूप से सम्मानित किया और कहा कि श्रमिकों का सम्मान ही सच्चे अर्थों में श्रमिक दिवस की सार्थकता है। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि धार क्षेत्र में शीघ्र रेल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वे पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने संबंधित रेलवे अधिकारियों को शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं टिकाऊ सुविधा मिल सके। इस अवसर पर धार विधायक श्रीमती नीना विक्रम वर्मा, क्षेत्रीय ग्रामीणजन, बड़ी संख्या में श्रमिक साथी एवं रेलवे विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने इस अवसर को श्रमिक सम्मान के रूप में मनाते हुए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। यह रेलवे ओवरब्रिज न केवल यातायात की समस्या को कम करेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के साथ श्रमिकों के सम्मान का भी प्रतीक बनकर उभरेगा।

# बाणेश्वर कुंड का होगा कायाकल्पः कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया भूमिपूजन



अनिल चौधरी

**इंदौर शहर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को नई पहचान देने के उद्देश्य से, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-1 में स्थित ऐतिहासिक बाणेश्वर कुंड के पुनरुद्धार और 'बाणेश्वर लोक' के निर्माण का कार्य का भूमिपूजन आज माननीय मंत्री नगरीय विकास एवं आवास विभाग, कैलाश विजयवर्गीय के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ।**

मुख्य कार्यपालिक अधिकारी डॉ. परिक्षित झाडे ने बताया की इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई इस योजना के अंतर्गत बाणेश्वर लोक को एक अत्याधुनिक और भव्य धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके प्रथम चरण के कार्य की लागत लगभग 7.5 करोड़ रुपये होगी।

बाणेश्वर धाम में एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होगा जो विशाल और कलात्मक होने के साथ ही भारतीय स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना होगा। मंदिर परिसर में भगवान शिव की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। श्रद्धालुओं के बैठने और शांति के पल बिताने के लिए विस्तृत हरे-भरे बगीचे और सुंदर रास्ते तैयार किए जाएंगे। आगंतुकों की सुविधा के लिए पर्याप्त पार्किंग क्षेत्र के साथ ही ऐतिहासिक बाणेश्वर कुंड का सौंदर्यीकरण और जल संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। भूमिपूजन के अवसर पर परम आदरणीय संतजन, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जन प्रतिनिधि अन्य पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# इंदौर का भविष्य सुरक्षित करने की दिशा में बड़ा कदम



### महापौर द्वारा कबीटखेड़ी प्लांट का निरीक्षण

आदित्य शर्मा

इंदौर। शहर को स्वच्छ और भविष्य के लिए तैयार बनाने की दिशा में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव के निर्देशन में इंदौर नगर निगम एक और महत्वपूर्ण कदम तेजी से आगे बढ़ा रहा है। इसी क्रम में महापौर श्री भार्गव ने कबीटखेड़ी स्थित निर्माणाधीन 120 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जल कार्य एवं ड्रेनेज प्रभारी श्री अभिषेक बबलू शर्मा, अपर आयुक्त श्री आशीष पाठक सहित निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महापौर श्री भार्गव ने कहा कि शहर को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जहां एक ओर नर्मदा परियोजना के चौथे चरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है, वहीं ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में जलूद में सोलर प्लांट भी शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के साथ-साथ सीवरेज ट्रीटमेंट का कार्य भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बढ़ती जनसंख्या और शहरी विस्तार को देखते हुए सीवरेज प्रबंधन को सुदृढ़ करना आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से कबीटखेड़ी में 120 एमएलडी क्षमता का यह प्लांट तेजी से निर्माणाधीन है। महापौर ने जानकारी दी कि यह परियोजना निर्धारित समयसीमा के अनुसार मार्च 2027 तक पूर्ण कर ली जाएगी। साथ ही, शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए सीवरेज ट्रीटमेंट क्षमता को और बढ़ाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विजन और संकल्प के साथ इस परियोजना की शुरुआत की गई थी, वह अब धरातल पर साकार होता नजर आ रहा है। यह प्लांट न केवल स्वच्छता को नई मजबूती देगा, बल्कि इंदौर को पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाएगा।

# ग्वालियर के हिमांशु ने रचा इतिहास : आई एस सी बोर्ड 12वीं में 94.75% अंकों के साथ संभाग में किया टॉप

दिव्यानंद अर्गल

ग्वालियर । आईएससी बोर्ड परीक्षा 2025-26 के परिणामों में ग्वालियर ने एक बार फिर शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय के मेधावी छात्र हिमांशु ने कक्षा 12वीं में 94.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ग्वालियर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । हिमांशु की इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे संभाग में हर्ष की लहर है। वेंडी स्कूल जूनियर कॉलेज प्रबंधन के अनुसार संस्था 40 वर्षों से लगातार श्रेष्ठ परिणाम दे रही है और हिमांशु की सफलता ने इस गौरवशाली परंपरा को और मजबूत किया है।



# शिवपुरी की बेटी रिद्धिमा गर्ग ने ICSE 10वीं में लहराया परचम, अर्जित किए 91.4% अंक

शिवपुरी | मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में घोषित हुए ICSE कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में महल कॉलोनी, शिवपुरी की प्रतिभावान छात्रा रिद्धिमा गर्ग ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से शानदार सफलता प्राप्त की है।



# महाकाल मंदिर की टनल खुदाई में निकला

## दुर्लभ शिवलिंग व चौखट का स्ट्रक्चर, पहली शताब्दी का संभव

उज्जैन : श्री महाकालेश्वर मंदिर में करोड़ों की लागत से श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन व्यवस्था को ध्यान में रख विकास कार्य चल रहे हैं. मंदिर के गेट नंबर 4 के समीप टनल के लिए खुदाई का काम जारी है। शुक्रवार अलसुबह 4 बजे जमीन से 8 फीट की गहराई में छोटी प्राचीन गुफा व उसके अंदर अति दुर्लभ शिवलिंग जलाधारी निकला है। इंजीनियर और मजदूरों ने इसकी सूचना मंदिर प्रबंधन समिति को दी. इसके बाद मंदिर प्रबंधन समिति ने पुराविद् अधिकारी व कलेक्टर को जानकारी दी।

### खुदाई के दौरान मिली छोटी गुफा

इंजीनियर सतीश राजपूत ने बताया "शिवहरे इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बीते एक माह से टनल बनाने के लिए खुदाई का काम चल रहा है. टनल की 8 फीट खुदाई के दौरान अलसुबह 04 बजे महाकाल मंदिर के गेट नंबर 4 एवं सम्राट विक्रमादित्य हैरिटेज होटल के बीच एक छोटी गुफा और उसमें रखा शिवलिंग मिला है. यहीं पर

### चौखट का स्ट्रक्चर भी मिला."

ये शिवलिंग अति दुर्लभ है. ये प्रथम शताब्दी का हो सकता है. महाकाल की ये नगरी है. इसका अपना वैभव रहा है. ऐसे में खुदाई में शिवलिंग निकलना आम बात है. प्राचीन काल मे कई राजा-महाराजाओं ने शिवलिंग की स्थापना कर मंदिरों का निर्माण करवाया. आक्रांताओं द्वारा मंदिर ध्वस्त किए गए. इसके बाद मंदिरों का राजाओं ने जीर्णोद्धार करवाया. हजारों साल पुराने शिवलिंग यथास्थिति में खुदाई के दौरान मिलते हैं. खुदाई में आज भी अधिकतर ऐसे शिवलिंग निकलते हैं, जो गुफाओं में थे, जहां कभी आक्रांता पहुंच नहीं सके." इस शिवलिंग में विक्रमादित्य के काल की ब्राह्मी लिपि लिखी है, संस्कृत भाषा में भी लिखा है, जो प्रथम शताब्दी ईसा पूर्व की हो सकती है. अभी चूंकि मिट्टी चढ़ी है, इसका केमिकल ट्रीटमेंट होने के बाद स्पष्ट होगा कि ये दुर्लभ शिवलिंग है या नहीं. उज्जैन में जब 1937 में उत्खनन हुआ और फिर 1956, 1962 व हाल ही में वर्ष 2020 में भी उत्खनन किया गया तो महाकाल मंदिर में छठी शताब्दी से लेकर अशोक मौर्य, विक्रमादित्य के काल तक की यशोगाथा के साक्ष्य मिले हैं."।

# पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की बड़ी जीत पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने दी बधाई, बताया जनसमर्थन का स्पष्ट संदेश

**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी । पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली उल्लेखनीय सफलता पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई दी है। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि यह परिणाम देश के दूरदर्शी नेतृत्व, जनहितकारी नीतियों एवं निरंतर विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के संकल्प के साथ कार्य करते हुए हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है, जिससे आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारों की पारदर्शी कार्यप्रणाली, निर्णायक नेतृत्व और गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के हित में संचालित योजनाओं ने जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। यही विश्वास इन



राज्यों के चुनाव परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। महापौर ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इसी उत्साह के साथ जनसेवा में लगे रहें और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं। अंत में उन्होंने कहा कि यह जीत लोकतंत्र में जनता के विश्वास का प्रतीक है, जो देश को प्रगति और आत्मनिर्भरता के पथ पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर विधायक संजय पाठक ने कार्यकर्ताओं के साथ बांटे लड्डू

## अरब की खाड़ी से लेकर बंगाल की खाड़ी तक भाजपा सरकारे हैं :- संजय पाठक

**नवल किशोर कुशवाहा**



कटनी। बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड और ऐतिहासिक विजय पर विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने अपने निवास पर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, युवा नेता यश पाठक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में जीत पर जश्न मनाया ,उन्होंने ढोल नगाड़े की थाप के बीच कार्यकर्ताओं एवं आमजन को मिठाई लड्डू खिलाते व बांटकर खुशी जताई और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर मीडिया के बंधुओं से चर्चा करते हुए विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिले ऐतिहासिक, अभूतपूर्व एवं प्रचंड जनादेश के लिए देवतुल्य जनता-जनार्दन, समर्पित कार्यकर्ताओं एवं तीनों प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं यह विजय केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। जनता ने तुष्टिकरण एवं नकारात्मक राजनीति को नकारते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं विकसित भारत के संकल्प पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है।

माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व, सशक्त संगठनात्मक क्षमता एवं अथक परिश्रम का प्रतिफल है। अरब की खाड़ी से लेकर बंगाल की खाड़ी तक भाजपा सरकारे हैं आज देश के 78 प्रतिशत भाग में भाजपा की सरकारें हैं, सनातनी होने के नाते मैं यह कहता हूं कि गौमुख से लेकर बंगाल की खाड़ी जहां गंगा समुद्र में मिलती है अब सभी जगह भाजपा की सरकार बनाने में जनता से हमारी पार्टी पर विश्वास जताया है।

# बरगी डैम क्रूज हादसे में मृतकों को कांग्रेसने दी श्रद्धांजलि, सुभाष चौक पर निकाला कैंडल मार्च

**नवल किशोर कुशवाहा**

**कटनी। जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज पलटने से हुई अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक दुर्घटना में असामयिक रूप से दिवंगत हुए नागरिकों की पावन स्मृति में जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा सुभाष चौक पर श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च आयोजित कर उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**

इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों एवं नागरिकों ने मोमबत्तियां प्रज्वलित कर दिवंगत आत्माओं की चिरशांति के लिए प्रार्थना की तथा दो मिनट का मौन रखकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। पूरा वातावरण शोक, संवेदना एवं मौन श्रद्धा से ओतप्रोत रहा।

जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला ने इस दुःखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक एवं मर्माहत करने वाला है, जिसने समूचे समाज को भीतर तक झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रूप से यह



प्रतीत होता है कि सुरक्षा प्रबंधन में गंभीर लापरवाही बरती गई। यात्रियों की सुरक्षा हेतु आवश्यक जीवन रक्षक जैकेट लाइफ जैकेट की समुचित व्यवस्था एवं अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए था, साथ ही प्रतिकूल मौसम एवं तेज हवाओं के बीच क्रूज संचालन को रोका जाना आवश्यक था। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जिम्मेदारों की जवाबदेही तय कर कठोर एवं प्रभावी कदम उठाए जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला, प्रियदर्शन गौर, करन सिंह चौहान, रजनी वर्मा, राजा जगवानी, राजेश जाटव, जितेन्द्र गुप्ता, अजय जैसवानी, आफताब अहमद (चोखे भाईजान), उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, महामंत्री संजय गुप्ता, नारायण निषाद, ललित सोनी, विजय मंगल चौधरी, रजनी वर्मा,रूपा तिवारी, दीपक केशरवानी, जितेन्द्र बड़गैया, इकलाक अहमद सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# लघु वेतन कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**नवल किशोर कुशवाहा**



कटनी। लघु वेतन कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों और विभागीय विसंगतियों को लेकर सोमवार को सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी और स्थायी कर्मियों ने एकजुट होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया और मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने शासन की नीतियों पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों के निराकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन उनकी अनदेखी की जा रही है। ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया गया है:

अनुसूचित जाति/जनजाति कार्य विभाग, लोक निर्माण विभाग (PWD) और जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों में कार्यरत स्थायी कर्मियों को सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार नियमित करने और उन्हें 7वें वेतनमान का लाभ देने की मांग की गई है।

विभाग में कार्यरत अंशकालीन कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर वेतन देने की बात कही गई है। स्थायी कर्मियों ने ई-अटेंडेंस प्रणाली में आ रही तकनीकी और व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए इससे मुक्त रखने की मांग दोहराई है। जिले के समस्त विभागों में वर्षों से सेवाएं दे रहे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को जल्द से जल्द स्थायी कर्मी बनाए जाने की मांग की गई है।

संघ के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि ये मांगें पूरी तरह न्यायोचित हैं और हजारों कर्मचारियों के भविष्य से जुड़ी हैं। ज्ञापन सौंपते समय कर्मचारियों ने शासन से अनुरोध किया कि इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार कर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि वर्षों से अल्प मानदेय और अनिश्चितता के बीच काम कर रहे कर्मचारियों को आर्थिक व मानसिक राहत मिल सके। कर्मचारियों ने चेतावनी भी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो वे आगामी समय में अपने आंदोलन को और उग्र करने के लिए बाध्य होंगे।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 4 मई 2026 से 11 मई 2026 तक



# पार्षद सोनाली मुकेश धारकर के नेतृत्व में महिलाओं की हुंकार

## अधिकार, सम्मान और प्रतिनिधित्व के लिए सड़कों पर उतरी मातृशक्ति

आदित्य शर्मा

**भारतीय जनता पार्टी इंदौर द्वारा आयोजित जन आक्रोश महिला सभा एवं रैली में वार्ड क्रमांक 16 की सक्रिय पार्षद श्रीमती सोनाली मुकेश धारकर के नेतृत्व में वार्ड की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।**









इस दौरान महिलाओं ने एकजुट होकर अपने अधिकारों, सम्मान और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर जोरदार आवाज उठाई। रैली में शामिल मातृशक्ति ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब महिलाएं केवल दर्शक नहीं, बल्कि समाज और राजनीति की सशक्त भागीदार बनकर अपनी भूमिका निभा रही हैं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित न किए जाने के विरोध में जनजागरण करना रहा। इस मुद्दे को लेकर महिलाओं में गहरा आक्रोश देखने को मिला, जिसे सभा और रैली के माध्यम से मुखर रूप से व्यक्त किया गया।

पार्षद सोनाली मुकेश धारकर ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान से जुड़े मुद्दों को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए ठोस और प्रभावी निर्णय आवश्यक हैं। रैली में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि महिलाओं के अधिकारों से जुड़े हर मुद्दे को अब समाज की प्राथमिकता बनाना होगा। मातृशक्ति की इस एकजुटता ने एक मजबूत संदेश दिया कि आने वाले समय में महिलाएं अपने हक और सम्मान के लिए और भी सशक्त रूप से आगे आएंगी।

# इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर भूमिपूजन

## कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



आदित्य शर्मा

इंदौर। इंदौर में प्रस्तावित इंदौर–पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के भूमि पूजन कार्यक्रम (दिनांक 03 मई 2026, ग्राम नैनोद) की तैयारियों का जायजा लेने आज कलेक्टर इंदौर श्री शिवम वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन तथा एमपीआईडीसी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री हिमांशु प्रजापति व विधायक राउ श्री मधु वर्मा सहित पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन एवं एमपीआईडीसी के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण करते हुए आपसी समन्वय से कार्य सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। अधिकारियों ने आगंतुकों एवं जनप्रतिनिधियों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के लिए प्रभावी कार्ययोजना लागू करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित इंदौर–पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा तथा निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। आगामी 03 मई 2026 को ग्राम नैनोद में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है।

# एक मई से शुरू होगा हाउस लिस्टिंग

## ब्लॉक (HLB) सर्वे, तैयारियां पूरी



आदित्य शर्मा

**इंदौर। इंदौर में जनगणना के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (HLB) सर्वे का शुभारंभ एक मई से किया जाएगा। सेल्फ इन्यूमरेशन की अवधि आज समाप्त हो गई है। अब प्रगणक एवं सुपरवाइजर घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। यह सर्वे आगामी एक माह तक चलेगा।**

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वे के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज चार्ज ऑफिसर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तृत ब्रीफिंग की गई, साथ ही प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण भी पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह सर्वे जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है और इसमें प्राप्त आंकड़े देश की नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि जब सर्वे टीम घर-घर पहुंचे तो उन्हें सही और पूर्ण जानकारी दें तथा सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया जाय।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )